तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



13 सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई, ...



14 रन फॉर यूनिटी में लगाई दौड़, एकता- ...




## खबर संक्षेप

### विधिक जागरूकता शिविर में दी कानूनी जानकारी



**पखांजुर।** पखांजुर स्थित खेल मैदान में महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य रूप से साईबर अपराध, डॉन योजना मोटरयान अधिनियम, और प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निःशुल्क सहायता केंद्र की महत्ता और वहां से मिलने वाली कानूनी सहायता के बारे में भी जागरूक किया गया।

### सेवानिवृत्त सहायक संचालक को ससम्मान दी गई विदाई



**कांकेर।** उद्यानिकी विभाग में लंबे समय से सेवाएं दे रहे सहायक संचालक उद्यान विमल कुमार गौतम 31 अक्टूबर को अपनी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कांकेर जिला उद्यानिकी कार्यालय में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके कार्यों और उनके सरल, व्यवहारिक एवं सहृदय व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए भावपूर्ण विदाई दी। विमल कुमार गौतम ने अपने 36 वर्षों से अधिक के सेवा काल में धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव सहित विभिन्न जिलों में सहायक संचालक उद्यान के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की।

### लौह पुरुष पटेल व इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि दी



**कोरर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल कि जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर बस स्टैंड कोरर में समस्त कोरर मंडल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी बीरेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष बृज लाल मंडावी, सौरभ ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, शिवा शुक्ला, रमेश पांडे, गणेश सोनी, राघवेन्द्र राजपूत, सुनहेर गजेन्द्र, सुरेश राजपूत, जुनऊ गावड़े, लखु राम कोसमा, उमराव जूरी, कार्तिक जैन, सुरेंद्र टेकाम, बिसाहू राम मरकाम, सतवन धनकर, पनकु राम कुमेटी, मेघनाथ कोठारी, समरेश सोरी, पुरन सिंह नायक, बनसागर कांगे सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 40 वर्षीय सिमरन बोधवानी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए रायपुर के एम्स में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान 25 अक्टूबर को मौत हो गया। मर्ग डायरी रायपुर से थाना कांकेर लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से बच्चे की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत गोटापारा मर्दा निवासी 12 वर्षीय मन्नूराम उसेंडी को साप ने काट लिया। जहर शरीर में फैल जाने से उसकी 29 अक्टूबर को मौत हो गया। सीएचसी कोयलीबेड़ा से अस्पताली मेमो थाना में पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**गड़बड़ी : सीएम के निर्देश के बाद में जांच प्रक्रिया में हो रही है देरी**

# चारामा की स्कूल जतन योजना में कांग्रेस के नेता और बीईओ का बाबू हैं ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जिला शिक्षा अधिकारी करवा रहे जाँच, जाँच में हो रही देरी
- मुख्यमत्री विष्णुदेव साय ने जाँच करके एफआईआर करने दिया था निर्देश

स्कूल जतन योजना के तहत चारामा विकासखंड के 52 स्कूलों में मरम्मत काम कांग्रेस के कार्यकाल में होना था। मरम्मत कार्य के नाम पर लीपापोती हुई और विभाग ने खंड शिक्षा कार्यालय के बाबू गिरधारी सिन्हा, कांग्रेस के कार्यकाल में जिला पंचायत सदस्य रही नवली मीना मंडावी एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठाकुरराम कश्यप और अन्य कांग्रेस नेताओं के नाम पर भुगतान किया गया। शिकायतकर्ताओं ने उच्च अधिकारियों के पास शिकायत किया, परंतु जांच के नाम पर लीपापोती का खेल किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस के कार्यकाल में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में विकास खण्ड चारामा के 52 स्कूल भवनों के मरमम्त कार्य के लिए 1 करोड़ 90 लाख 62 हजार रूपएं व्यय किया गया। शासन द्वारा उक्त निर्माण कार्यों के लिए नियमानुसार कार्य एजेंसी संबंधित स्कूलों के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति या ग्राम पंचायत को बनाया जाना था। खंड शिक्षा अधिकारी ने शाला प्रबंधन एवं विकास समिति को एजेंसी बनाया। इस एंजेसी के प्रमाण पत्र के आधार पर खंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू ने खंड शिक्षा अधिकारी चारामा में संलग्न सहायक ग्रेड 02 गिरधारी लाल सिन्हा निवासी ग्राम चारभाठा के नाम 12 स्कूलों में मरम्मत कार्य के लिए लगभग 11 लाख रूपएं, चारामा ब्लॉंक के कांग्रेस अध्यक्ष एवं वर्तमान में जनपद पंचायत चारामा के उपाध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप निवासी ग्राम चारभाठा के नाम 05 स्कूल के लिए 3 लाख रूपए, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नवली लीना मण्डावी निवासी गांड़ागौरी के नाम से 03 स्कूलों के लिए 1.33 लाख रूपएं, नागेश कुमार सिन्हा निवासी ग्राम चारभाठा के नाम से 05 स्कूलों में मरमम्मत कार्य के लिए लगभग 5 लाख रूपएं, मुकेश कुमार साहू कांग्रेसी कार्यकर्ता निवासी ग्राम चारामा के नाम से 04 स्कूलों में भवन मरमम्मत के लिए 5 लाख रूपएं, होमेन्द्र कुमार नायक कांग्रेसी कार्यकर्ता निवासी ग्राम जैसाकर्रा के नाम 06 स्कूलो में मरमम्त के लिए लगभग 4 लाख रूपएं, कृष्णा कुमार नायक कांग्रेसी कार्यकर्ता निवासी ग्राम चांवड़ी के नाम 03 स्कूलों मरमम्त के लिए लगभग 1.50 लाख रूपएं, प्रदीप कुमार सेन निवासी चारामा के नाम 02 स्कूलों मरमम्त के लिए लगभग 1 लाख रूपएं, शैलेंद्र कुमार सिंह के नाम 02 स्कूलों की मरमम्त के लिए लगभग 2 लाख रूपएं, कैलाश कुमार कठोलिया निवासी चारामा के नाम 02 स्कूलों मरमम्त के लिए लगभग 2.50 लाख रूपएं, संजय सिंह निवासी चारामा के नाम 05 स्कूलों मरमम्त के लिए लगभग 6.50 लाख रूपएं का भुगतान किया गया है।

#### सहायक ग्रेड 02 नहीं दे पाया जवाब

खंड शिक्षा कार्यालय में संलग्न सहायक ग्रेड 02 गिरधारी लाल सिन्हा की मूल पदस्थापना अरौद के विद्यालय में है। शासन के द्वारा कई बार संलग्नीकरण को खत्म करने का आदेश जारी किया गया, परंतु उसकी पकड़ इतनी है कि उसे कोई हिला नहीं पा रहा और निर्माण विभाग के प्रभारी होने के चलते ठेकेदार बन गया और अपने नाम पर 11 लाख रूपएं निकाल लिए। सहायक ग्रेड 02 से हरिभूमि ने संपर्क किया, हैलो हैलो करता रहा, परंतु बात नहीं किया।




#### प्रमाण पत्र मिलने के उपरांत किया भुगतान

खंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू ने इस विषय पर हरिभूमि ने बात किया तो उन्होने बताया कि शाला प्रबंधन समिति को एजेंसी बनाया गया था। उनके द्वारा कार्य करने या सामग्री सप्लाई करने वालों को भुगतान करने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया, इसलिए भुगतान किया गया है। उन्होने स्वयं स्वीकार किया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय चारामा के निर्माण शाखा का प्रभारी बाबू गिरधारी लाल सिन्हा स्वंय ठेकेदार बनकर स्वयं ही अपने नाम पर चेक काटा है जिसमें स्पष्ट रूप से खण्ड शिक्षा अधिकारी केशव साहू की संलिप्तता स्पष्ट है।

#### जाँच की जा रहा, जाँच के बाद कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि इस मामले की शिकायत आई है। शिकायत के जाँच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जाँच रिपोर्ट मिलने पर उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर कार्यवाही किया जाएगा। जांच कब तक पूरी हो जाएगी, इस पर उनका कहना था कि जल्द जाँच हो जाएगी।

#### कांग्रेसी नेताओं और बाबू को बचाया जा रहा

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि स्कूल जतन में काम करने वाले कांग्रेस के पदाधिकारी है और एक तो खंड शिक्षा कार्यालय का बाबू है। यह पूरा खेल खंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू के संरक्षण में हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी, बाबू और कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर दर्ज नहीं होती है तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## बेमौसम बारिश से धान फसल हुई चौपट, मुआवजा की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

क्षेत्र में बीते दिनों हुई बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। धान की फसल कटाई के अंतिम चरण में होने के कारण अधिकांश खेतों में तैयार खड़ी एवं कटाई की जा चुकी फसलें भीगकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए किसानों ने जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में तहसील कार्यालय दुर्गुकोंदल पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि इस असमय बारिश और तूफानी हवाओं से धान की फसल झड़ गई, टूट गई और कई खेतों में पानी भरने से सड़कर खराब हो गई है। अनेक किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड और सहकारी समितियों से ऋण ले रखा है, अब फसल नुकसान के कारण ऋण चुकाना भी कठिन हो गया है। ऐसी स्थिति में किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि फसल नुकसान का तत्काल सर्वे एवं आंकलन किया जाए, किसानों को उचित एवं पर्याप्त मुआवजा प्रदान किया जाए, फसल बीमा योजना के तहत दावा स्वीकृत कराने में त्वरित सहायता दी जाए, इस वर्ष किसानों के कृषि ऋण माफ किए जाएं या स्थगित किए जाएं। जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी ने कहा कि सरकार एवं प्रशासन को इस प्राकृतिक आपदा को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि यह केवल फसल नुकसान का नहीं, बल्कि किसानों की रोजी-रोटी और परिवारिक आर्थिक स्थिति का विषय है। समय पर मुआवजा और सहायता मिलने से किसान फिर से खेती के प्रति विश्वास और स्थिरता बनाए रख सकेंगे। इस अवसर पर कोदापाखा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पोकलैड रोलर चोरी मामले में दो आरोपियों की तलाश

**कांकेर।** चौकी कच्चे अंतर्गत आरएमसी प्लांट के पोकलैड में लगने वाला रोलर जो खराब हो गया था, उसकी चोरी करने की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया। कच्चे चौकी में शिकायत करने पहुंचे डौंडी लोहारा थानांतर्गत ग्राम रायपुरा निवासी 32 वर्षीय आशुतोष उन्द्रा पिता रमसु राम ने पुलिस को बताया कि जितेन्द्र जायसवाल के आरएमसी प्लांट का मैनेजर हूं। मुझे 29 अक्टूबर को जितेन्द्र जायसवाल ने बताया कि पोकलैड में लगने वाले रोलर को प्लांट में काम करने वाले खिलेश कुमार चुरेन्द्र एवं उमेश कुमार कोर्राम चोरी कर मोटर सायकल में ले जाते देखा हूं। तब मै प्लांट में जाकर देखा तो पोकलैड में लगने वाला रोलर जो खराब हो गया था, जिसे निकालकर रखे थे। पोकलैड में लगने वाले रोलर समान का कीमत 19 हजार 500 रूपएं है। शिकायत पर पुलिस ने खिलेश्वर कुमार चुरेन्द्र और उमेश कुमार कोर्राम के खिलाफ धारा 3 (5), 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पीएचसी कुर्रूटोला का स्वास्थ्य मंत्री ने किया लोकार्पण, केंद्र शहीद गणेश कुंजाम को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कुरुटोला में आवास एवं बांऊड्रीवॉल निर्माण के लिए 01 करोड़ 05 लाख रुपए की घोषणा

चारामा विकासखण्ड के ग्राम कुर्रूटोला में 57 लाख 96 हजार रुपएं की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। उन्होने डॉक्टर और नर्सों के आवास के लिए 84 लाख रुपए की लागत से जी-टाईप क्वार्टर तथा स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बाउंड्री वाल निर्माण के लिए 21 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा भी की। गलवान घाटी में देश के लिए शहीद हुए ग्राम गिधाली निवासी शहीद गणेश कुंजाम के माता-पिता को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्रूटोला को शहीद गणेश कुंजाम के नाम से समर्पित करने की घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र में आकर अत्यंत खुशी होती है, यहां के लोग मन के बडे कोमल, सीधे, सहज व सरल होते हैं, यहां की ▶▶| शेष पेज 12 पर



## नौकरी के नाम पर 7 लाख की ठगी, आरोपी पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

संबलपुर के ग्रामीण महिला को नौकरी लगाने के नाम पर नगदी एवं ऑन लाईन बैंक खाता से ट्रांजेक्शन कराकर 7 लाख 24 हजार 232 रूपएं की ठगी कर धोखाधड़ी किया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और ठगी करने वाले आरोपी को दबोचकर जेल की सलाखों में भेज दिया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने संबलपुर निवासी 28 वर्षी डिम्पल मानिकपुरी पिता स्व. अजयदास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि अर्जुनदास महंत एवं श्याम दोनो मिलकर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए 7 लाख 24 हजार 232 रूपएं की ठगी 3 अक्टूबर 2023 से 16 अगस्त 2024 तक नगदी एवं आन लाईन रकम ट्रांसफर करावाया। दो साल से ठगी करने वालों से पैसा वापिस करने या नौकरी देने के लिए गुहार लगाते रहे, परंतु ठगों के द्वारा लगातार आनाकानी करते रहे। नौकरी नही लगाने एवं पैसा वापस नही करने की शिकायत पर पुलिस ने 11 अक्टूबर 2025 को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बाइक नहीं देने पर बड़े भाई की हत्या का फरार आरोपी छोटा भाई रिमांड पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ग्राम गरदा जंगलपारा का मामला, आरोपी ने जुर्म कबूल किया

आमाबेड़ा थानाक्षेत्र के ग्राम गरदा जंगलपारा में मोटर सायकल नहीं देने पर छोटे भाई ने बड़े भाई की गुस्से में आकर हत्या कर दिया। छोटे भाई ने हत्या करना स्वीकार किया, वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार घटना 20 अक्टूबर 2025 को रात 8 बजे आरोपी मंगऊ कावडे नारायणपुर से आकर अपने घर आंगन में बैठा था। उसी समय आरोपी का बडा भाई मृतक मंगतु राम कावडे मंगऊ के घर में आया और मोटर सायकल नहीं देने की बात पर से अपने पास रखे भरमार बन्दूक से मंगऊ कावड़े के ऊपर फायर कर दिया जिससे मंगऊ कावड़े के दाहिने पैर में चोट आई। मंगऊ कावड़े अत्यधिक गुस्से में आकर मंगतु राम के भरमार बन्दूक को छीनकर उसे जमीन में पटककर तोड़ दिया तथा भरमार बन्दूक के बट से मंगतु राम के सिर मे दो बार मारा जिससे उसके सिर मे गंभीर चोट आयी, वह आंगन में पडा रहा, कुछ देर जिंदा रहने के बाद उसकी मृत्यु हो गयी। मंगऊ कावडे ने मंगतु कावडे को जानबूझकर मरने के लिए आंगन में छोड दिया, न ही उसने मंगतु कावडे को ईलाज कराने के लिए अस्पताल लेकर गया और न ही उसने अपने परिवार वालों को घटना के बारे मे बताया। मृतक मंगतु राम की ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### गिरफ्तार करने में यह टीम रही शामिल

मामले की विवेचना, आरोपी को गिरफ्तार करने और साक्ष्य एकत्र करने में निरीक्षक विनोद कुमार साहू, उपनिरीक्षक भुनेश्वर चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक महेश नेताम, प्रधान आरक्षक हरिराम कोर्राम, प्रधान आरक्षक राजकुमार दर्रो, आरक्षक विकास बघेल, अजीत दानात, मनिहार भुरकुरिया, डिगेश्वर देवांगन, डीएसएफ कन्हैयालाल देहारी की विशेष भूमिका रही।

**भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर ने वार्ता में कही**

# जनजातियों के पालयन की रोकथाम में संसदीय संकुल विकास परियोजना की भूमिका अहं होगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित कर जनजातियों के पलायन को रोकना है लक्ष्य

देश में 47 लोकसभा सीट पर अनुसूचित जनजाति का आरक्षण है, इन संसदीय ईलाको पर भाजपा संगठन के द्वारा संसदीय संकुल विकास परियोजना का गठन किया जा रहा है, इसी के परिपेक्ष्य में भाजपा के एससी/एसटी मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी संसदीय कार्यालय का कार्यभार संभाल रहे बी. सतीश और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव बस्तर संभाग के दौरे पर रहे। कांकेर में एक रात गुजारी और स्थानीय आदिवासी नेताओं से संवाद किया, वहीं हरिभूमि से बात करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह संसदीय संकुल विकास परियोजना का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन कर जनजातियों के पलायन को रोकना है।

कांकेर लोकसभा में संसदीय संकुल विकास परियोजना के तहत कार्य को प्रारंभ करने के लिए कांकेर जिले के स्थानीय नेताओं के साथ बैठक करके उद्देश्य के बारे में बताया, परंतु यह बैठक इतनी गोपनीय रही कि अन्य किसी को इसके बारे में भनक तक नहीं लगी। हरिभूमि को खबर मिलने पर हरिभूमि की टीम विश्रामगृह पहुँची बी. सतीश ने कहा कि मैं मीडिया से बात नहीं करता, भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ही बताएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि देश में 47 संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है और इन ईलाकों पर जनजाति क्षेत्र में हो रहे पलायन को रोकने और उनको स्थानीय रोजगार से जोड़ने के लिए मदद करने के लिए संसदीय संकुल विकास परियोजना का गठन किया जा रहा है। बस्तर में इसका कार्य प्रारंभ हो चुका है और अब कांकेर में भी शुरू करने का आव्हान किया गया है। जनजाति क्षेत्रों में अपार संभावनाएं और संसाधन है, उनको उपयोग करने के लिए जनजातियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### जनप्रतिनिधि-अधिकारी दोनों जवाबदेह बनें



राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद से उपेक्षित रहे जनजातीय क्षेत्रों में लोकल रिसोर्स, लोकल टेलेन्ट और लोकल मार्केट को विकसित करने के उद्धेश्य से संसदीय संकुल विकास परियोजना की परिकल्पना भाजपा ने किया है। छोटे-छोटे कार्य जिन योजनाओं के अंतर्गत हो सकते हैं, वे लोगों के ज्ञान में नहीं हैं, उन पर ध्यान देना होगा। विकास के लिए बड़े बजट की बातें तो होती हैं, परंतु जमीनी काम नहीं दिखता। इस व्यवस्था को बदलने के लिए ही यह परियोजना लाई गई है, ताकि अधिकारी और जनप्रतिनिधि दोनों जवाबदेह बनें।

## खबर संक्षेप

### बोरगांव में दो बाइक में भिड़त, तीन घायल



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 बोरगांव पुल के पास शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में ग्राम पंचायत झाटीबन के सचिव के साथ तीन लोग घायल हो गए । जानकारी के अनुसार ग्राम सिरपुर गुमड़ी निवासी 57 वर्षीय बीसरु राम मरकाम ग्राम झाटीबन पंचायत के सचिव है। शुक्रवार को शासकीय कार्य से फरसगांव जनपद पंचायत कार्यालय आए हुए थे । शाम को बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। तभी बोरगांव पुल के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ग्राम कलगांव विश्रामपुरी निवासी जगत नेताम के साथ आमने-सामने टक्कर हो गई । सभी घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया । हादसे में पंचायत सचिव बिसरु राम मरकाम के चेहरे , सर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई है। वही जगत नेताम और उसकी पत्नी गीता नेताम को मामूली चोट है। जगत नेताम ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ कोंडागांव अस्पताल गया हुआ था। कोंडागांव से बाइक में सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था। तभी हादसा हो गया । सभी का उपचार फरसगांव अस्पताल में चल रहा है।

### मामा ने नाबालिग भांजी से किया अनाचार, गिरफ्तार



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। रिश्ते में दूर के मामा ने अपनी नाबालिग भांजी के साथ अनाचार किया। उसे डरा धमका कर लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थिया पीड़िता ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि सूर्यकांत नेताम पिता मोतीराम नेताम उम्र 30 वर्ष निवासी सोनाबेड़ा गुडरीपारा उसके मोबाइल नंबर से बातचीत करता था। शादी करूंगा कहकर एक वर्ष पूर्व 06.11.2024 को दोपहर 2 बजे पीड़िता के दूर का मामा सूर्यकांत नेताम घर आया। पीड़िता को नाचा देखने माझीआठगांव बाइक में जबरन बैठाकर कर ले गया। प्रोग्राम देखने के बाद पुनः वापस पीड़िता के घर जाते समय रास्ते में अमोड़ा पुल के नीचे ले जाकर अनाचार किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। डर के कारण घटना की बात किसी को नहीं बतायी। उसके बाद जब भी समय मिलता था पीड़िता के साथ कई बार के मर्जी के खिलाफ अनाचार किया।

**दिवस : नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारियों ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ**

# रन फार यूनिटी में युवा, अधिकारी व जनप्रतिनिधियों नागरिक ने दौड़कर दिया एकता में शक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत शुक्रवार को कोण्डागांव जिला मुख्यालय में भव्य रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। विकास नगर स्टेडियम से शुरू हुई यह दौड़ जिला कोर्ट परिसर, नेशनल हाइवे, जयस्तंभ चौक और बाजारपारा से होती हुई पुनः स्टेडियम में समाप्त हुई। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के युवाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। विविधता में एकता का संदेश देते हुए प्रतिभागियों ने देश की अखंडता और समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया

### कलेक्टर और एसपी ने दिखाई हरी झंडी, ली एकता की शपथ –

दौड़ की शुरुआत कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेष कुमार दांडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रेरणा से हमें देश की एकता, अखंडता और विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय एकता दिवस" केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारत के एकजुटता के संकल्प का प्रतीक है। पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने जिस दूरदर्शिता से देश की रियासतों को जोड़ा, वही आज भारत की अखंडता की नींव है। हमें उनके आदशोंर् पर चलकर समाज में एकता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि सरदार पटेल के योगदान ने भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। हमें इस भावना को सदैव जीवित रखना है। कार्यक्रम में तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मनोज जैन, हर्ष ढिल्लन, सोनमणि, सुमन शुक्ला, लक्ष्मी ध्रुव, कुलवंत चहल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्राएँ और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

- **पटेल के आदर्शो पर चलकर सुरक्षा की भावना करें मजबूत**

### पुलिस ने आयोजित की एकता दौड़ अखंडता व भाईचारे का दिया संदेश



**फरसगांव/केशकाल।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पूरे देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसी अवसर पर फरसगांव , केशकाल और विश्रामपुरी थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार की सुबह एक भव्य एकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

यह कार्यक्रम फरसगांव में थाना विकास चंद राय, केशकाल में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान और विश्रामपुरी में थाना प्रभारी विनोद नेताम के नेतृत्व में किया गया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, पुलिस जवान, सामाजिक संगठन के सदस्य, युवाजन और ग्रामवासी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर दौड़ लगाई और "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारों से क्षेत्र का माहौल देशभक्ति से भर दिया। दौड़ के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से साम्प्रदायिक सौहार्द, आपसी प्रेम और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, नगर पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, समाजसेवी और आम नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई और भारत की अखंडता की रक्षा के संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और विविधता में निहित समरसता को जनमानस तक पहुँचाना तथा युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त बनाना रहा।

### 188 बटालियन सीआरपीएफ ने कराई यूनिटी दौड़ व एकता की ली शपथ



**कोण्डागांव।** देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 188 बटालियन सीआरपीएफ, कोण्डागांव द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बंधा तालाब स्थित नगरपालिका पार्क परिसर में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट भवेश चौधरी ने किया, जिन्होंने उपस्थित अधिकारियों, जवानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल के योगदान का स्मरण कर कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही अखंड भारत का निर्माण संभव हो सका। रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ बंधा तालाब से हुआ, जो राष्ट्रीय राजमार्ग–30 से होते हुए कोण्डागांव बाजार तक निकाली गई। इस दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा वातावरण देशप्रेम की भावना से ओत–प्रोत हो उठा। इस आयोजन में सीआरपीएफ जवानों के साथ–साथ आम नागरिकों और स्कूली बच्चों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्रीय विद्यालय, चावड़ा स्कूल, शासकीय उच्च माध्यमिक सरस्वती शिशु मंदिर और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राएं तथा शिक्षकगण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी नीतीन्द्रनाथ, उप कमांडेंट कमल सिंह मीना, सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश बिश्नोई, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी. सहित कई अधिकारी, प्राचार्यगण और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### एका मरम शौर्य की मिट्टी में रोपा गया एकता का वृक्ष

**कोण्डागांव।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कोण्डागांव पुलिस द्वारा आज एक अनूठा और प्रेरणादायक कार्यक्रम एका मरम शौर्य की मिट्टी में रोपें एकता का वृक्ष आयोजित किया गया। शहीदों के त्याग को नमन करते हुए समाज में एकता, पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाना। कार्यक्रम के दौरान रक्षित केन्द्र कोण्डागांव परिसर में पुलिस अधिकारियों, जवानों और नागरिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। हर पौधे को शहीदों के नाम पर समर्पित किया गया। जिससे यह वृक्ष केवल हरियाली का नहीं बल्कि शौर्य और एकता का जीवंत प्रतीक बन सके। यह आयोजन पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा भा.पु.से. के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेष कुमार डाण्डे ऑप्स और एसडीएम अजय कुमार उरांव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि शौर्य भूमि में एकता और हरियाली का वृक्ष लगाना, शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। यह वृक्ष देश की एकता और पर्यावरण संरक्षण दोनों का प्रतीक है। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने एकता और पर्यावरण के बीच के गहरे संबंध को रेखांकित किया। अधिकारियों ने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह एकता के साथ हरियाली की रक्षा करें,यही सच्ची देशभक्ति है। इस अवसर पर शहीद परिवारों के सदस्य, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेष कुमार, उप पुलिस अधीक्षक सतीष कुमार भार्गव ऑप्स, तहसीलदार मनोज कुमार रावटे, रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत, यातायात प्रभारी निरीक्षक मुकेश जोशी, थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान, निरीक्षक सौरभ उपाध्याय सायबर सेल सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे।




### छठ पर्व पर विधायक लता ने जल में उतरकर की सूर्य आराधना



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में भोजपुरी समाज द्वारा आस्था और श्रद्धा के पर्व छठ पूजा का आयोजन बंधा तालाब में भव्य और पारंपरिक रूप से किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने विशेष रूप से पहुंचकर सूर्य देवता की पूजा–अर्चना की और क्षेत्र की जनता की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

सुबह के समय तालाब परिसर में सैकड़ों व्रतधारिणियाँ और श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। विधायक लता उसेंडी स्वयं भी तालाब में उतरकर व्रतधारियों के साथ सूर्य देवता की आराधना में सहभागी बनीं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व सूर्य उपासना के माध्यम से प्रकृति, जल और जीवन के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व समाज में अनुशासन, आस्था और एकता का संदेश देता है।

- **भोजपुरी समाज द्वारा पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया छठ पर्व**



### धनोरा में बस्तर ओलंपिक का आयोजन पारंपरिक खेलों को मिला बढ़ावा

**धनोरा।** ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा के हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग के मुख्य आतिथ्य एवं गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत केशकाल की अध्यक्ष नंदिनी पोटाई ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य नमिता जैन, सरपंच धनोरा नोहरू राम मंडावी, प्राचार्य के.आर. प्रधान, सरपंच सवाला विनेश मंडावी, प्रवीण अग्निहोत्री, सहित क्षेत्र के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कपिलकांत नाग ने कहा कि बस्तर ओलंपिक का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और पारंपरिक खेलों की संस्कृति को जीवंत बनाए रखना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों के माध्यम से अनुशासन, एकता और स्वास्थ्य को अपनाएं। इस दौरान कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, गिल्ली-डंडा, फुगड़ी जैसे पारंपरिक खेलों का रोमांचक प्रदर्शन हुआ। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु अतिथियों ने विजेताओं को प्रोत्साहित किया और खेल भावना से खेलने का संदेश दिया।



### राजनैतिक दलों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की दी गई जानकारी

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 28 अक्टूबर 2025 से लेकर 7 फरवरी 2026 तक पुनरीक्षण की समस्त प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मीडिया कर्मियों को इस पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया मतदाता सूची की शुद्धता और अद्यतनता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने और उनके द्वारा नियुक्त बीएलए से इस कार्य में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि पुनरीक्षण अवधि में मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में एक वालेंटियर की नियुक्ति की गई है। यह वालेंटियर मतदाताओं को आवेदन भरने, नाम जोड़ने या सुधार कराने में मदद करेंगे। बैठक में बताया गया कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक प्रदान करेंगे, उन्हें भरवाकर वापस प्राप्त करेंगे और आवश्यक संशोधन या अद्यतन की कार्रवाई करेंगे। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटे नहीं और कोई अपात्र नाम शामिल न रहे।

- **7 फरवरी 2026 को होगा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन**



पेज 11 के शेष

**बेमौसम बारिश से...**
सरपंच सोमनाथ नेताम, मेडो सरपंच रामशिला कोमरा, सिहारी सरपंच राम गावड़े, मेहर कोमरा, रमेश दुग्गा, भगवानी सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा, दुक्खू खरे, जीवन सिन्हा सहित क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे।

**पीएचसी कुर्रूटोला का...**
संस्कृति अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बस्तर में मलेरिया से होने वाली मौतें आम थीं, लेकिन बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण इस वर्ष मलेरिया से कोई भी मृत्यु दर्ज नहीं हुई है। उन्होने बताया कि प्रदेश में 57 नई मोबाइल मेडिकल यूनिट्स प्रारंभ की जा रही हैं, जो दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी, कांकेर जिला को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर के दुर्गम क्षेत्रों में एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती, वहां बाइक एम्बुलेंस की सुविधा पूर्व की भांति फिर से उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र कुर्रूटोला सहित आसपास के लगभग 10 किमी क्षेत्र के ग्रामों कुर्रूटोला, डेढ़कोहका, गिधाली, रतेडीह, तिरकादंड, कहाड़गोंदी, आंवरी, मुड़खुसरा, ऊंकारी, चुचरूंगपुर, चपेली, साल्हेटोला इत्यादि 12 ग्रामों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन किया तथा प्रयोगशाला, आपातकालीन वार्ड, पुरुष एवं महिला अंतः रोग वार्ड, प्रसव कक्ष और नेत्र परीक्षण कक्ष का निरीक्षण किया। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर, जनपद अध्यक्ष राजेश्वरी भास्कर, ग्राम पंचायत कुर्रूटोला की सरपंच रेखा कुंजाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर, एसडीएम चारामा नरेंद्र बंजारा, तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले, जनपद सीईओ , बीएमओ डॉ. ओपी शंखवार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**नौकरी के नाम...**
में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के द्वारा टीम गठीत कर आरोपी की पता तलाश कर धर पकड़ के लिए जिला पेंड्र गोरेला मारवाही भेजा गया था। आरोपी ग्राम पुटा निवासी 28 वर्षीय अर्जुन दास महंत पिता गरूविंद दास महंत की पता तलाश कर हिरासत में लेकर आरोपी के कब्जे में ठगी के रकम से खरीदा गया एक स्कार्पियो वाहन सीजी 10 पी 9977 और मोबाइल को जप्त किया गया। आरोपी ने ठगी करना स्वीकार किया और आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

**बाइक नहीं देने...**
माँ रजाय बाई, मंगतु राम को आंगन में 21 अक्टूबर की सुबह 6 बजे मरा पड़ी देखी और अपने पति सोमारू राम को भी उठाकर उसे मंगतु को दिखाई। उसके बाद मंगऊ कावडे के पास जाकर घटना के बारे मे पूछने पर मंगऊ कावडे अत्यधिक गुस्से मे आकर मंगतु राम की हत्या करना स्वीकार किया। माँ की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी अंतागढ़ आशीष बंछोर एवं एसडीओपी अंतागढ़ शुभम तिवारी के पर्यवेक्षण में 31 वर्षीय आरोपी मंगऊ कावड़े पिता सोमारू राम कावड़े के खिलाफ हत्या कारित करने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर 30 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

**जनजातियों के पालयन...**
को आगे लाना है। जनजाति क्षेत्रों में जो वनोत्पाद है, उनका महत्व कोरोना के समय देखने को मिला है और आज उसकी माँग विदेशों में बहुत है। जनजाति क्षेत्रों में सरकार की कई योजनाएं एवं कार्यक्रम चल रहे है, उनको बेहतर ढंग से जमीनी स्तर पर क्रियावन्यन के लिए प्रयास किया जाएगा।
**जनजातीय समाज की भूमिका निर्णायक-** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जा रहा है। आजादी के बाद कांग्रेस शासन में जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से अलग रखा गया, परंतु स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने 1999 में जनजाति मंत्रालय और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग बनाकर उनके विकास की नई नींव रखी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना में जनजातीय समाज की निर्णायक भूमिका है।

**5556 हितग्राही करेंगे गृह प्रवेश, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे वर्चुअल शुभारंभ**

# रजत जयंती महोत्सव पर नये घरों की खुशियां मनेंगी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 1 नवंबर को पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह अटल नगर, नवा रायपुर में आयोजित होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से 3.51 लाख हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश कराएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल रहेंगे। इसी कड़ी में कोण्डागांव जिला भी इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनेगा। जिले में वित्तीय वर्ष 2024–26 के दौरान कुल 26,706 आवास स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 5,556 हितग्राही अपने सपनों के नए घरों में गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में अब तक उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

**दीपोत्सव की तरह मनाया जाएगा 'गृह प्रवेश' कार्यक्रम** – राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 'गृह प्रवेश कार्यक्रम दीपोत्सव की तरह' मनाया जाएगा। हर नवनिर्मित घर को दीपों, रंगोली, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से सजाया जाएगा। लाभार्थियों को 'खुशियों की चाबी', आभार पत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि रजत जयंती महोत्सव के इस विशेष अवसर पर 5,556 परिवारों के जीवन में नई शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से न केवल पक्के घर मिल रहे हैं, बल्कि ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने बताया कि कार्यक्रम को हर्षोल्लास और पारंपरिक अंदाज में मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक, आवास मित्र और महिला स्व–सहायता समूहों की दीदियों को जिम्मेदारी दी गई है ताकि हर हितग्राही तक खुशियों का संदेश पहुंचे।



### केशकाल में एक हजार से अधिक हितग्राहियों को सौंपी जाएगी 'खुशियों की चाबी'

**कोण्डागांव।** तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह नवा रायपुर के अटल नगर में आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से 3.51 लाख से अधिक हितग्राहियों को उनके नए घर की खुशियों की चाबी सौंपेंगे। जिले के केशकाल विकासखण्ड में भी योजनांतर्गत निर्मित 1000 से अधिक आवासों में सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाएगा। इनमें से विशेष परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा की हितग्राही श्रीमती रत्तो बाई के नवनिर्मित आवास में भी गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न होगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि प्रन्ना और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ सामूहिक गृह प्रवेश होगा, जहां नए घरों को दीयों, रंगोली और पारंपरिक सजावट से सजाया जाएगा।



**खबर संक्षेप**

## आयोग अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों से की मुलाकात



**जगदलपुर।** जनजाति आयोग के नव-नियुक्त अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने रायपुर में मुख्यमंत्री, मंत्रियों तथा विधायक से भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल एवं बसना विधायक संपत अग्रवाल उपस्थित रहे। मंडावी ने कहा कि आदिवासी समुदाय के उत्थान, शिक्षा, स्वावलंबन एवं परंपरागत संस्कृति के संरक्षण के लिए पहल करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार की आदिवासी कल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि आयोग के माध्यम से अनुसूचित जनजाति समुदाय के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रुपसिंह मंडावी को नए दायित्व के लिए बधाई देते कहा कि उनकी नियुक्ति से आदिवासी बंधुओं के सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी। उन्होंने राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।
इस भेंट के दौरान खाद्य मंत्री एवं विधायक ने कार्यक्षेत्र में सहयोग का आश्वासन दिया।

## स्वास्थ्य कार्यक्रम की हुई समीक्षा



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर के बैठक कक्ष में गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक की अध्यक्षता में ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक ली गई। बैठक में प्रत्येक आम वार स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण नाग द्वारा सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की उपलब्धि और कमी के बारे में जानकारी देते हुए आपसी समन्वय से अगले माह की 15 तारीख को होने वाली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अपनी सभी कार्यक्रमों की पूर्ति और ऑनलाइन एंट्री की समीक्षा करते हुए पूर्ण करने की सलाह दी गई की गई। नए सदस्यों के और अपने घर परिवार के सभी बुजुर्गों 70 वर्ष से अधिक जिनकी आयु हो चुकी है उनके वय वंदन कार्ड बनाए जाने के बारे में जानकारी दी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री द्वारा शिशुओं को जन्म उपरांत लगने वाले सभी जीवन रक्षक टीकों के बारे में बताते हुए लेफ्ट आउट और ड्राफ्ट आउट बच्चों को सभी टीकों से लाभान्वित करने के बारे में जानकारी दी गई।

### राष्ट्रीय एकता और अखंडता हमारी समृद्धि और विकास की आधारशिला

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई, नमन कर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम लोहत्तर में थाना और हाई स्कूल लोहत्तर के संयुक्त तत्वधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए ग्रामीणों और सुरक्षाबलों के बीच समन्वय एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवनी को जनता तक पहुंचाने के लिए शपथ ग्रहण एवं एकता का संदेश देने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि विकास राजु नायक ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता हमारे देश की समृद्धि और विकास की आधारशिला हैं। जब एक देश के सभी नागरिक एकजुट होकर अपने देश के लिए काम करते हैं, तभी वह देश मजबूत और सफल होता है। राष्ट्रीय एकता का अर्थ है देश के सभी लोगों का एक-दूसरे के प्रति सम्मान और एकता की भावना रखना। राष्ट्रीय एकता राष्ट्र को मजबूत, स्थिर और समृद्ध बनाती है। यह विभिन्न समुदायों के बीच शांति और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देती है, देश के विकास को गति देती है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाती है। एकता के बिना देश विभाजनकारी ताकतों और बाहरी आक्रमणों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकता है। भारत जैसे देश में विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और जातियों के लोग रहते हैं और राष्ट्रीय एकीकरण का उद्देश्य न केवल उन्हें एक साथ बांधना है, बल्कि उन्हें रहने और समृद्ध होने के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करना भी है। राष्ट्रीय एकीकरण देश की स्थिरता बनाए रखने और उसके विकास में मदद करता है भारत का सर्वश्रेष्ठ समय, राष्ट्रीय एकता के नाम राष्ट्रीय एकता का अर्थ है कि देश के विभिन्न समुदायों, धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोग आपसी मतभेदों के बावजूद एक साथ मिलकर एक मजबूत और अखंड राष्ट्र का निर्माण करते हैं। यह केवल शारीरिक उपस्थिति नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और वैचारिक निकटता की भावना है, जिसमें सभी नागरिक अपने देश की समृद्धि, सुरक्षा और साझा मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं।

थाना प्रभारी नामदेव ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस में रन फॉर यूनिटी हमें पुलिस और ग्रामीणों के बीच तालमेल आपसी विश्वास, पारदर्शिता और नियमित संवाद पर आधारित होता है। यह सहयोग अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद करता है, जिसके लिए पुलिस समुदाय-आधारित कार्यक्रमों और स्थानीय ज्ञान का उपयोग करती है। इसके लिए पुलिस को गांवों में नियमित दौरा करना, स्थानीय समुदाय की समस्याओं को सुनना और उनकी सहायता से प्रभावी रणनीति बनाना आवश्यक है, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित वातावरण बन सके। कार्यक्रम कि अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण नामदेव ने किया, ग्राम पटेल कंवल दीवान, दुवारू मंडावी, प्राचार्य सुशील साहु, दिनेश ठाकुर, धना तारम, तेज आमले, नरेश दीवान अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली कॉलेज परिवार ने एकता-अखंडता की शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह के करकमलों से किया गया। उपस्थित स्वयं सेविकाओं, छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने अखंड भारत के निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल हमारे देश के पहले गृहमंत्री थे, जिन्होंने रियासतों के एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाए। प्राचार्य ने राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को समझाते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल की दृढ़ता, संकल्प और कर्मठता ने उन्हें अद्वितीय व्यक्तित्व बनाया। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य यही है कि सभी देशवासी एकजुट रहकर देश की प्रगति में सहभागी बनें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक कमल किशोर प्रधान, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, एनईपी संयोजक रितेश कुमार नाग, रेड क्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, योगेश यादव सहित सभी प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## जन समर्थन जुटाने कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

प्रदेश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम और चुनाव परिणामों को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे विरोध अभियान के तहत ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों से समर्थन लेते हुए हस्ताक्षर कराए। कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यह अभियान जनता की आवाज और लोकतांत्रिक अधिकारों को सुरक्षित रखने का एक माध्यम है। उनका कहना था कि चुनाव जनादेश का सम्मान होना चाहिए और जनता की इच्छा सर्वोपरि है। कार्यक्रम के दौरान बाजार क्षेत्र में लोगों की अच्छी भागीदारी दिखाई दी। नेताओं ने दावा किया कि आने वाले समय में यह अभियान ग्राम पंचायत स्तर तक संचालित किया जाएगा और क्षेत्रवार जनसमर्थन जुटाया जाएगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से समाप्त हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिंह आचला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ई के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। अभियान का आयोजन साप्ताहिक हाट-बाजार क्षेत्र में किया गया, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नागरिकों के बीच पहुंचकर प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से हस्ताक्षर कर समर्थन देने का अव्हान किया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, कृषि सभापति सुलोचना सोमदेव कोरेटी, पूर्व सरपंच धनेश नरेटी, नरेंद्र जैन, महत्तम दुग्गा, दीनदयाल पटेल, रजमन कोवाची, सुखचंद प्रजापति, हृदय बघेल, अनूप दीवान, मोहन मंडावी, सियाराम पोटाई, हीरा कोमरा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## धोखाधड़ी के आरोप में 3 गिरफ्तार अवैधानिक लेनदेन में थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



धोखाधड़ी अथवा अन्य आपराधिक कृत्यों से प्राप्त राशि को प्रवचना पूर्ण उपायों द्वारा छिपाकर रखने तथा उपयोग करने के लिए बैंक कांकेर एवं अन्य बैंकों में खाता खुलवाकर पैसों का लेनदेन करने वाले तीन आरोपी को कांकेर पुलिस ने गिरफ्तार किया।

बड़ेपारा किरगोली निवासी 24 वर्षीय शत्रुधन राम मंडावी पिता बासुराम मंडावी, पेटोली निवासी 28 वर्षीय रविशंकर मंडावी पिता शिशुपाल मंडावी द्वारा जान बूझकर आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए धोखाधड़ी अथवा अन्य आपराधिक कृत्यों से प्राप्त राशि को प्रवचना पूर्ण उपायों द्वारा छिपाकर रखने तथा उपयोग करने के लिए सर्वप्रथम युको बैंक कांकेर एवं अन्य बैंकों में खाता खुलवाकर अपने बैंक खातों में कुल रकम 59 लाख 88 हजार 651 रूपएं का लेन देन होना पाया गया एवं रुपएं का संवर्धन करना व अवैधानिक लेनदेन करना पाये जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में पेश कर जेल दाखिल किया गया है। पूछताछ के दौरान रविशंकर मंडावी ने बताया कि वह रांची के धीरज कुमार एवं गोरेलाल एवं अन्य को धोखाधड़ी में शामिल है। केन्द्रीय जेल जगदलपुर में परिरूध होने से न्यायालय कांकेर से प्रोडक्शन वारंट जारी होने से आरोपीगण बिहार के डोगीगंज जिला छपरा ग्राम ईस्मालपुर निवासी 20 वर्षीय आयुष कुमार राय पिता स्व. संतोष राय, नालडा जिला के सुकराव निवासी 28 वर्षीय धर्मेन्द्र कुमार उर्फ धीरज पिता अरूण राम चन्द्रवंशी और सुकराव निवासी 30 वर्षीय रेडरोज उर्फ गोरेलाल पिता बच्चुराम को केन्द्रीय जेल जगदलपुर से प्रोडक्शन वारंट के तहत 31 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय कांकेर के समक्ष पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि सोमेन्द्र सिंह, प्रआर कौशल साहू, आरक्षक मुकेश जुर्री, सदेश राम कोर्राम, शिव कुमार नेताम एवं सायबर सेल प्रभारी प्रेमप्रकाश अवधिया, प्रआर मनीराम भोई का अहम भूमिका रहा।

## लोकल बीड़ी पर बादशाही का लेबल लगाकर बिक्री, व्यापारी गिरफतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



कांकेर के व्यवसायी स्वरूप चोपड़ा पिता गौतम चंद चोपड़ा निवासी श्यामानगर टिकरापारा के पास से एक लाख मूल्य की नकली बादशाही गोला बीड़ी को जप्त करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर को कांकेर पुलिस को शिकायत करने वाले सुनिल पचौरी पिता सूरज प्रसाद पचौरी ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं डायालाल मेघजी एण्ड कंपनी रायपुर में परचेश मैनेजर के पद पर कार्यरत हूँ और मेरी कंपनी की बीडियां बाजार में बादशाही फरमास के विभिन्न ब्राण्ड के रजिस्ट्रेशन नं. 1975 के पैकिंग रैपर्स की डिजाइन कापीराईट कानून के अंतर्गत भी रजिस्टर्ड है। विगत कुछ वर्षों से हमारी बीडियों के रैपर्स आदि की हूबहू नकल करते हुए छग के विभिन्न मार्केट में नकली बीडियों की बिक्री लगातार बढती जा रही है। सर्वे के दौरान कांकेर के मार्केट के विश्वस्त सूत्रों से नकली बीडियों के विक्रेताओं का विवरण मिला है जो कि स्वरूप चोपड़ा पिता गौतम चंद चोपड़ा निवासी श्यामानगर टिकरापारा कांकेर का है। पुलिस ने आरोपी व्यवसायीस्वरूप चोपड़ा निवासी श्यामानगर टिकरापारा कांकेर के द्वारा नकली बादशाही फरमास बीडी नं. xxx45 को असली बता कर बिक्री करते हुए पाया गया। आरोपी के खिलाफ कापीराईट एक्ट 63 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिय गया। विवेचना के दौरान त्वारित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से बादशाही बीड़ी कुल 10105 पैकेट एवं कट्टा नकली बादशाही गोला बिड़ी जिसकी कीमत लगभग 01 लाख रूपये एवं रेड कार्यवाही के दौरान बरामद किया गया। आरोपी से वैधानिक कार्यवाही में बिल मांगने पर बिल प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त नकली माल गोला बीडी 10105 पैकेट कीमत लगभग 01 लाख रूपये को जप्त किया गया हैं। प्रकरण में जांच जारी हैं, नोटिश देकर वैधानिक कार्यवाही कि जा रहीं हैं। कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में, उपनिरीक्षक दयालू साहू, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, आरक्षक लोकेश पोटाई, राकेश बघेल, देवदत्त कडियाम एवं थाना पेट्रोलिंग पार्टी का अहम भूमिका रही।

- **आरोपी के पास से कुल 10105 नकली बादशाही गोला बीड़ी के पैकेट बरामद**
- **नकली बादशाही गोला/बीड़ी का कुल किमत लगभग 01 लाख रूपये।**

## 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने निकाली बाइक रैली, किया वॉकथॉन



**अंतागढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ तथा इसकी अधीनस्थ सभी सीओबी में बड़े ही उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में किया गया। सभी बलकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण की और देश की अखंडता, एकता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प दोहराया।

शपथ ग्रहण के उपरांत वाहिनी मुख्यालय से भव्य मोटर साइकिल रैली तथा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन में स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं बलकर्मियों ने कंधे से कंधा मिलाकर भाग लिया, जिससे पूरे नगर में एक भारत श्रेष्ठ भारत का जोश और एकता का संदेश गूंज उठा। बच्चों के साथ यह कदमताल एक प्रेरणादायक दृश्य रहा, जिसने समाज में देशभक्ति और एकजुटता की भावना को सशक्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत समूह चर्चा का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालयों के छात्रों ने राष्ट्रीय एकता के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बलकर्मियों ने बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें देश की एकता, सामाजिक सौहार्द एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा दिया। द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय योगदान ने हमें यह सिखाया कि भारत की असली शक्ति उसकी एकता में निहित है। सशस्त्र सीमा बल इस एकता और अखंडता के प्रहरी के रूप में सदैव तत्पर है। बलकर्मी केवल देश के रक्षक नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा एकता, अखंडता और भाईचारे के संवाहक हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का यह आयोजन न केवल बलकर्मियों में संगठन और अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करता है, बल्कि स्थानीय समुदाय और युवाओं में भी एकता, कर्तव्यनिष्ठा और देशप्रेम की अलख जगाता है।

## रन फार यूनिटी पर युवाओं लगाई दौड़, देश एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर



स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री व उप प्रधानमंत्री राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल कि 150 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता पुलिस थाना कोरर द्वारा थाना क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नागरिक ,युवा वर्ग से सादर आमंत्रित कर सुबह 8 बजे थाना कोरर पहुंच, दौड़ में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, युवा वर्ग, स्थानीय व्यापारी ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम थाना परिसर में सभी उपस्थितजनो को कोकानपुर के उप सरपंच योगिता राघवेन्द्र राजपूत द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। उसके पश्चात सभी ने एक साथ थाना कोरर से नयापारा चौक तक से वापस बस स्टैंड कोरर चौक तक दौड़ लगाते हुए वापस थाना कोरर लौट आए। इस दौरान सभी राष्ट्रीय एकता, जिंदाबाद, वन्देमातरम, सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे नारे लगाते रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, भाजपा जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष कोरर पीयूष कश्यप, उपसरपंच कोरर ललित राठी, पंच कोरर प्रफुल गोहिल, शंकर यादव,नरेन्द्र शर्मा, मनोज सेंगर, जागेश्वर जैन, ईश्वर यदु, पंकज तिवारी, अग्रेजित साहु, लोचन भारद्वाज, दुष्यंत सोनकर, विक्की मंडावी, थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता एवं समस्त थाना स्टाप उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग)**

**// उपस्थिति हेतु सूचना //**

रा.प्र.क्र. 20250714130009/ अ-27/ 2024-25

एवं

रा.प्र.क्र. 20250714130010/ अ-27/ 2024-25

राजकुमारी पिता धरमसिंह जाति गोड निवासी ग्राम बिरनपुर ..... आवेदिका

विरुद्ध

(1) लोभना पिता धरमसिंह निवासी ग्राम सोरम तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), (2) सजंतीन पिता धरमसिंह निवासी ग्राम मुड़पार तहसील सरोना जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.), (3) कविता पिता धरमसिंह निवासी ग्राम धनेसरा तहसील सरोना जिला कांकेर (छ.ग.).

..... अनावेदकगण

आवेदिका के द्वारा ग्राम बिरनपुर में स्थित भूमि ख.नं. 446, 8, 73, 209, 240, 401, 447, 450 रकबा 0.47, 0.63, 0.81, 0.40, 0.58, 1.10, 0.44, 1.42 हे. भूमि राजकुमारी पिता धरमसिंह, लोभना पिता धरमसिंह, सजंतीन पिता धरमसिंह कविता पिता धरमसिंह संयुक्त नाम पर दर्ज है। आवेदिका राजकुमारी पिता धरमसिंह के द्वारा खाता विभाजन हेतु आवेदन पेश किया गया है जिसके आधार पर उक्त प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। आप लोगो के द्वारा उक्त प्रकरण में आपत्ति पेश करने के पश्चात आज दिनांक तक उपस्थित नहीं हो रहे है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.11.2025 दिन गुरूवार समय 11.00 नियत है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 13.11.2025 को उपस्थित होना सुनिश्चित करें यदि आप उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने की स्थिति में सुनवाई का अवसर समाप्त कर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह सूचना आज दिनांक 17.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
नरहरपुर




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### बस्तर ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन, दर्शकों ने भरा जोश



**भानुप्रतापपुर।** कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, रेस सहित विभिन्न पारंपरिक खेलों में खिलाड़ी अपना शानदार प्रदर्शन बस्तर ओलंपिक में देखने को मिर रहा हैं। मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रही है। युवा वर्ग से लेकर बुजुर्गों तक में खेलों को लेकर जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों की जुझारू भावना और टीम स्पिरिट ने माहौल को रोमांचक बना दिया है। आयोजन स्थल पर ग्रामीण अंचल के पारंपरिक लोकगीतों और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंज रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देते हैं बल्कि समाज में एकता, अनुशासन और सौहार्द की भावना को भी मजबूत करते हैं।

### भानुप्रतापपुर के 1216 हितग्राही सामूहिक गृहप्रवेश में शामिल

**भानुप्रतापपुर।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राजस्व स्थल नया रायपुर अटल नगर में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सांकेतिक रूप से जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अंतर्गत 1216 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया जाएगा। इस आयोजन में 20115 हितग्राही बलोदा बाजार में जिले में शामिल शामिल होंगे।

### तिरपाल से बिना ढके कर रहे परिवहन

**जगदलपुर।** बिना तिरपाल के ट्रकों से सड़कों पर रेत, मुरूम और गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है, जिससे रेत, मुरूम और गिट्टी के कण गिर रहे हैं, जो राहगीरों के साथ-साथ मोटरसाइकिल वाहन चालकों के आंखों में कंकड़ घुस रहे हैं। यही कारण है कि लोग परेशान हो रहे हैं। रेत ले जा रही गाड़ियों में तिरपाल नहीं ढंकने से आंखों पर रेत कंकड़ पड़ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं की संभावना रहती है। ट्रक की स्पीड बहुत ज्यादा होती होने के कारण रेत और बारिक गिट्टी उड़ कर आखों में आ जाती है, जिसके चलते दुपहिया वाहन स्लिप होकर गिर रहे हैं। इस पर परिवहन आयुक्त के निर्देश पर विभाग के धनपूंजी स्थित बेरियर के पूर्व परिवहन निरीक्षक की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए ऐसे 11 वाहनों की सघन जांच कर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की।

**आयोजन : अधिकारी, सामाजिक प्रतिनिधि, स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी, महिला समूह, स्वयंसेवी संगठन हुए शामिल**

# रन फॉर यूनिटी में लगाई दौड़, एकता-अखंडता व भाईचारे का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्र की एकता, अखंडता और विविधता में एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम एक ऐतिहासिक और भव्य आयोजन के रूप में दर्ज हो गया। इस कार्यक्रम में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें सांसद, विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक (एसपी), जिला प्रशासन के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी, महिला समूह, स्वयंसेवी संगठन तथा आम नागरिक शामिल थे।

■ सांसद भोजराज नाग एवं विधायक कांकेर आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाई

देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर नरहरदेव स्कूल कांकेर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नरहरदेव मैदान के परिसर में 31 अक्टूबर की सुबह 7 बजे से छात्र एवं पुलिस के जवान एकत्र होने लगे थे। कार्यक्रम का केंद्र बिंदु केवल दौड़ नहीं थी, बल्कि वह भावना थी जो हर प्रतिभागी के चेहरे पर साफ दिख रही थी। भारत की एकता और समरसता को जीवंत बनाए रखने की। यह दौड़ सिर्फ कदमों की रफ़्तार नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण, प्रतिबद्धता और समाज को एकजुट रखने की सामूहिक शक्ति का प्रतीक बन गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद भोजराज नाग एवं विधायक कांकेर आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। रन फॉर यूनिटी की यह दौड़ नरहरदेव खेल मैदान से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड स्थित डोम में संपन्न हुई।

### एकता और सुरक्षा एक-दूसरे के पूरक

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने कहा कि दौड़ में शामिल होकर मुझे महसूस हुआ कि एकता और सुरक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं। हमने पूरे मार्ग पर पुलिस बल को तैनात किया था ताकि कार्यक्रम सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो सके। युवाओं को मैं विशेष रूप से संदेश देना चाहता हूँ कि वे फिटनेस, खेल और सकारात्मक गतिविधियों में शामिल होकर समाज को नशा, अपराध और हिंसा से मुक्त बनाने में योगदान दें। पुलिस विभाग हमेशा समाज की शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए तत्पर रहेगा।





### राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी दूरदृष्टि, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत की प्रेरणा से ही आज का एकजुट भारत संभव हुआ है। रन फॉर यूनिटी हमें उनके आदर्शों पर चलने का अवसर प्रदान करती है। कांकेर जिलावासी न केवल शारीरिक रूप से फिट रहें, बल्कि सामाजिक रूप से जागरूक बनकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।



### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, टेकेश्वर जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, हीरा मरकाम, संजू गोपाल साहू, जयंत अटभैया, पप्पू अजय मोटवानी, ईश्वर कावड़े, गिरधर यादव, योगेश साहू के अलावा अधिकारियों में एएसपी दिनेश सिन्हा, एसडीओपी मोहसिन खान, डीएसपी जीएस साव, डीएसपी विंदेश्वरी पिंदे, डीएसपी अजाक प्रतिभा लहरे, डीएसपी मखलेंद्र सिंह, नगर निरीक्षक मनीषा नागर एवं जिलास्तरीय अधिकारी शामिल रहे।

### रन फॉर यूनिटी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि रन फॉर यूनिटी केवल खेल नहीं है, यह हमारी साझा राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। आज जिस जोश के साथ बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया, वह बताता है कि हमारा समाज एकता और सद्भाव के मूल्य को कितना गहराई से समझता है। सरदार बल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का जो महान कार्य किया, उन्हीं की प्रेरणा से आज हम यह आयोजन कर रहे हैं। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे सामाजिक बंटवारे और भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में एकजुट रहें।

### एकता की भावना उम्र से नहीं, सोच से बनती है

कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने कहा कि यह दौड़ मेरे लिए अविस्मरणीय रही। मैंने बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के साथ दौड़ लगाकर यह महसूस किया कि एकता की भावना उम्र से नहीं, सोच से बनती है। आज हमारा समाज तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को सही दिशा मिलती है। यह दौड़ सिर्फ शारीरिक फिटनेस का संदेश नहीं देती, बल्कि यह बताती है कि जब हम एक साथ कदम बढ़ाते हैं तो समाज की ताकत कई गुना बढ़ जाती है।

# अटल टिंकरिंग लैब प्रशिक्षण से छात्रों में नवाचार की भावना हुई विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर में अटल नवाचार मिशन, नीति आयोग, भारत सरकार के तत्वावधान में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय नवाचार एवं प्रौद्योगिकी आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना और व्यावहारिक तकनीकी दक्षता विकसित करना था। प्रशिक्षण अवधि के दौरान विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट डिजाइन, कोडिंग, सेंसर टेक्नोलॉजी जैसे उभरते विषयों की गहन जानकारी दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य आरपीएस ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रशिक्षण का संचालन अनुभवी प्रशिक्षक अनिल अनंत द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रयोगात्मक गतिविधियों में सहभागी बनाते हुए नवाचार की ओर प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्रथम पांच दिवस के अवधि में कई उपयोगी प्रोजेक्ट्स




और मॉडल्स ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट सिस्टम, स्मार्ट डस्टबिन, सेंसर आधारित सुरक्षा अलार्म, वाटर लेवल इंडिकेटर, और एआई आधारित वॉयस कंट्रोल सिस्टम। इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि विज्ञान और तकनीक का उपयोग समाजहित में कैसे किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यवहारिक रूप देने का मंच प्रदान करती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल उनकी तकनीकी समझ बढ़ती है, बल्कि वे भविष्य के नवाचारकर्ता और वैज्ञानिक बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। प्रभारी पवन कुमार सेन ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब विद्यालय के विद्यार्थियों में प्रयोग, अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को सशक्त कर रही है। यह पहल ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनी है। ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित होती है, जो उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण में विद्यालय के विज्ञान शिक्षक व्याख्याता हेमंत गंजीर, खुशबू पटेल, शशिकला सलाम, कुसुमलता सोम, सहयोगी शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# ब्लाक बस्तर ओलंपिक में पारंपरिक खेल की धूम, दर्शकों से माहौल हुआ उत्सवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

बस्तर अंचल की परंपराओं, संस्कृति और ग्रामीण खेलों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर ओलंपिक के नरहरपुर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समापन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, अधिकारियों और सैकड़ों दर्शकों की उपस्थिति ने पूरे परिसर को उत्सव स्थल में बदल दिया।

कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, गिल्ली-डंडा, रस्साकशी जैसे पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएँ हुईं। हर मुकाबले में खिलाड़ियों ने अद्भुत कौशल और उत्साह का प्रदर्शन किया। मंच संचालन युवा खेल अधिकारी द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया, जबकि स्थानीय कलाकारों की



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम ने खिलाड़ियों से कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह हमारी परंपरा, संस्कृति और सामूहिक एकता का प्रतीक है। इस आयोजन से गांव-गांव में खेलों के प्रति जागरूकता और सामाजिक एकजुटता का संदेश जा रहा है। हमारे ग्रामीण युवाओं में अपार प्रतिभा है और ऐसे आयोजन उन्हें मंच प्रदान करते हैं। बस्तर की माटी में खेल की भावना रची-बसी है और अब प्रशासन तथा समाज के सहयोग से ये खेल राष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर रहे हैं। जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरहरपुर बेनु राम सुखदेव ने कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हुए ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य कर रहे हैं। यह पहल समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाली कड़ी है। हमें गर्व है कि हमारे युवा खिलाड़ी अपने परिश्रम और अनुशासन से पूरे प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और सहयोग की भावना को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर, मिनाक्षी नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती, लक्ष्मी नारायण साहू सहित सभी पंचायतों के सरपंच सचिव, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

# 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की मंजूरी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने भारत सरकार द्वारा 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को स्वीकृति दिए जाने के निर्णय का हार्दिक स्वागत किया है। प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह, महामंत्री मनोज राय, कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े ने रंजन प्रकाश देसाई, पूर्व न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया को भारत सरकार द्वारा गठित वेतन आयोग की प्रथम महिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई प्रकट की है। ऐसी महत्वपूर्ण समिति में महिला प्रतिनिधित्व क्षमता को सशक्त करने की सराहनीय पहल बताया है। शिक्षक संघ ने स्वागत किया कि 8 वें वेतन आयोग को अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुशंसा की गई है। प्रदेश के शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाले छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का विश्वास है कि यह निर्णय शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मनोबल को सुदृढ़ करेगा तथा शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक और प्रगतिशील वातावरण के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। उपरोक्त जानकारी शिक्षक संघ के मीडिया प्रकोष्ठ के संयोजक एवं जिलाध्यक्ष कांकेर टिकेश ठाकुर ने दी।

### मसगांव में अधूरा शौचालय और जंग लगा हैंडपंप

**बकावंड।** विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मसगांव में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी सामने आई है। ग्रामवासियों के अनुसार गांव में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण लगभग पांच वर्ष पूर्व शुरू हुआ था लेकिन आज तक शौचालय पूर्ण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृत राशि खर्च दिखा दी गई है बावजूद भवन अधूरा पड़ा है। वहीं आंगनवाड़ी भवन के सामने लगा हैंडपंप कई महीनों से जंग लगकर अनुपयोगी पड़ा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि बच्चों को पानी पिलाने और भोजन बनाने के लिए करीब एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। जिससे कार्य में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने जनपद पंचायत और जिला प्रशासन से शौचालय निर्माण शीघ्र पूरा कराने, हैंडपंप की मरम्मत कराने और आंगनवाड़ी में सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की है।

### नगर सैनिकों ने छात्रों को अग्नि से सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया

**कांकेर।** शासकीय प्रैक्टिसिंग स्कूल मांझापारा कांकेर में आग से संबंधित आपात स्थितियों से बचने व बचाने के तरीके के बारे में छात्रों को बताया गया। आग से सुरक्षा की आवश्यकता और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमुख सीनियर फायर मेन व अग्नि शमन केंद्र प्रभारी शत्रुघ्न सिन्हा द्वारा आग के विभिन्न प्रकार व उनके कारण, आग लगने से बचने के उपाय व आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, आग लगने की स्थिति में सही कार्रवाई करने के तरीकों की जानकारी व आग से संबंधित चोटों का प्राथमिक उपचार करने के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही अग्नि सुरक्षा दल द्वारा छात्रों को अग्निशामक यंत्र का सही तरीके से उपयोग करने का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। सभी ने मिलकर फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग किया और सही तरीके से आग बुझाने का अभ्यास किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्कूल प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं व स्कूली बच्चे उपस्थित रहें।




**हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
हड्डी रोग संबंधित समस्याएं
आर्थराईटिस ईत्यादि
मासपेशी में दर्द
घुटने व कुल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
डिफमिटी करेक्शन
गठियावात, कुल्हा, कोहनी
आदि अंगो पर दर्द लम्बे समय से न जुड़ने वाली फेक्चर का ईलाज



डॉ. पवन शॉ
जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं आर्थोस्कोपिक सर्जन
24 Emergency Contact no 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
• बायपास सर्जरी
• वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 11 मई, 14 मई, 18 मई, 21 मई, 25 मई, 28 मई, 01 जून, 04 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 30,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93408-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)